शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी–बर्रा,
जिला–रायगढ़ छत्तीसगढ़

ई मेलः govtcollegejobi@gmail.com, मो. 7089552550
वेबसाईटः http:// svgovtcollegejobi.in/

नैक विभाग की बैठक का कार्यवाही विवरण

दिनांक 26 फरबरी, 2021

डॉ. जे. एस. विरदी, संयोजक नैक विभाग, शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला रायगढ़ की उपस्थिति में नैक विभाग की वर्च्युअल बैठक दिनांक 26 फरवरी, 2021 को अपरान्ह तीन बजे आयोजित हुई। बैठक में डॉ. अर्चना असट्कर, सहा. प्राध्यापक, रसायन शास्त्र एवं सदस्य, नैक विभाग, श्रीमति श्वेता जैन, सहा. प्राध्यापक, समाज शास्त्र एवं सदस्य, नैक विभाग तथा श्री. एल. आर. लास्कर, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं सदस्य, नैक विभाग द्वारा भाग लिया गया।

2/ बैठक में निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

1. महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों द्वारा निरंतर गतिविधियों का संचालन तथा कार्यों का संपादन किया जा रहा है तथा अपेक्षित कार्यवाहियों का संपादन निरंतर किया जाये। इन समितियों द्वारा संपादित गतिविधियों से संबंधित अभिलेख भी संधारित किये जायें।
2. इसी प्रकार कार्यालय के विभिन्न सेक्शन के प्रभारी कर्मचारी अपने सेक्शन की प्रतिवर्ष की अद्यतन जानकारी वर्ष वार संधारित करें। नैक विभाग से साझा करें तथा चाहे जाने पर निर्धारित प्रारूप में नैक विभाग को उपलब्ध करायें।
3. इस हेतु महाविद्यालय के समस्त संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निम्नानुसार कार्यवाही नियमित रूप से किये जाने हेतु लेख किया जायेः–
    - विभिन्न समितियाँ अपने कार्य/कार्यक्रम/आयोजन की जारी की जाने वाली सूचना, पत्राचार, रिपोर्ट विधिवत जावक नंबर के साथ जारी करें तथा प्रतिलिपि नैक विभाग तथा वेबसाईट प्रभारी को भी पृष्ठांकित करें। कार्य/कार्यक्रम/ आयोजन के फोटोग्राफ भी साझा किये जा सकते हैं। साथ ही ये सारे दस्तावेज समितियाँ अपने पास भी सुरक्षित रखें।
    - विभिन्न सेक्शन भी अपने सेक्शन से संबंधित अद्यतन जानकारी वर्षवार संधारित प्रारूप में नेक विभाग से साझा करे।
    - वेबसाईट प्रभारी द्वारा पृष्ठांकित सभी सूचनाएँ, पत्राचार, रिपोर्ट इत्यादि वेबसाईट पर निर्धारित खंड में अपलोड कराई जाये।
    - वेबसाईट नियमित रूप से अद्यतन रखने की व्यवस्था की जाये।
4. धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

(डॉ. जे. एस. विरदी)
सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र
एवं नैक विभाग संयोजक
एस. व्ही. शास. महाविद्यालय, जोबी–बर्रा, रायगढ़

पृ. क्र. 1B/नैक/2021 जोबी–बर्रा, दिनांक 26.02.21

प्रतिलिपिः

1. डॉ. अर्चना असट्कर, सहा. प्राध्यापक, रसायन शास्त्र एवं सदस्य नैक विभाग,
2. श्रीमति श्वेता जैन, सहा. प्राध्यापक, समाज शास्त्र एवं सद., नैक विभाग तथा वेबसाईट प्रभारी,
3. श्री. एल. आर. लास्कर, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं सदस्य, नैक विभाग

सूचनार्थ एचं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(डॉ. जे. एस. विरदी)
सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र
एवं नैक विभाग संयोजक
एस. व्ही. शास. महाविद्यालय, जोबी–बर्रा, रायगढ़